राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 27 फरवरी। कांग्रेस का दो दिवसीय जिला स्तरीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर आज जैसलमेर में प्रारम्भ हुआ। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने शिविर के उद्घाटन सत्र में भाग लेकर प्रशिक्षणार्थियों को सम्बोधित किया।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविंद सिंह डोटासरा ने प्रशिक्षण शिविर के उद्घाटन सत्र में भाग ले रहे कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि एक ओर केन्द्र की भाजपा सरकार 70 वर्षों का हिसाब मांग रही है, किन्तु अपने 7 वर्ष के शासन का एवं जनता से किए वादों का हिसाब नहीं दे रही हैं। दूसरी ओर प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने जन घोषणा पत्र में किए गये 80 प्रतिशत से अधिक वादे ना सिर्फ पूर्ण किये हैं बल्कि जनकल्याण हेतु मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना, मुफ्त दवा योजना, नये अंग्रेजी माध्यम के महात्मा गाँधी स्कूल खोलने के कार्य किये हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं नेताओं का कर्त्तव्य है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा लागू जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुँचे इस हेतु कार्य करना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं को गांव-गांव, ढाणी-ढाणी जाकर केन्द्र की भाजपा सरकार की विफलताओं से जनता को अवगत कराना है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण देश में मंहगाई बेतहाशा बढ़ रही है, बेरोजगारी चरम पर है तथा आम आदमी का जीवनयापन कठिनाईयों से भर गया है। उन्होंने कहा कि अपने कार्यों के बलबूते पर तथा कांग्रेस की विचारधारा के आधार पर वर्ष 2023 में प्रदेश में पुनः कांग्रेस की सरकार बनेगी तथा 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा की फासीवादी केन्द्र सरकार को उखाड़ फेंकना है, इसके लिये भी सभी कार्यकर्ता कमर कस लें।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षणार्थियों को भारत की आजादी में कांग्रेस का संघर्ष, कांग्रेस

2.........

Created by Universal Document Converter

की विचारधारा एवं देश में कांग्रेस सरकारों की उपलब्धियों के साथ ही केन्द्र की भाजपा सरकार की विफलताओं पर मंथन किया गया। शिविर में स्थानीय एवं प्रदेश स्तरीय मुद्दों पर चर्चा की गई तथा कांग्रेस के आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों पर संवाद किया जाकर ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने हेतु रूपरेखा तैयार की गई।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के जिले में निवासरत सदस्यगण, जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी/निवर्तमान पदाधिकारीगण, जिले के समस्त ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों के निवर्तमान अध्यक्षगण, जिला कांग्रेस कमेटी के निर्वाचित व सहवृत सदस्यगण, जिले के समस्त अग्रिम संगठनों, विभागों व प्रकोष्ठों के निवर्तमान अध्यक्षगण, निकायों के जनप्रतिनिधिगण, पंचायत राज के जनप्रतिनिधिगण सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने भाग लिया।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)

प्रवक्ता

मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter